आध्यात्मिकता द्वारा

सशक्त किसान और समृद्ध गांव

राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राजयोग रिट्रीट

14 से 18 मई, 2026

ब्रह्माकुमारीज़, ज्ञान सरोवर एकेडमी फॉर ए बेटर वर्ल्ड, माउण्ट आबू

आयोजक

कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग

राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन तथा
प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय
माउण्ट आबू, राजस्थान

कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग
स्वच्छता-सहयोग-समृद्धि

हमारे स्वर्णिम भारत का इतिहास विशाल उद्योगों और सरकारी सहायता पर केंद्रित होने के बजाए सशक्त आत्मनिर्भर और समृद्ध, किसान एवं गांव पर आधारित था। परमात्मा और प्रकृति से प्रेम पूर्ण सम्बन्ध ही, सदियों पुरानी हमारी वह विरासत थी, जिसके कारण सतयुग से लेकर 17वीं शताब्दी तक, भारत विश्व का सबसे समृद्ध देश था।

कालांतर में परिस्थितिजन्य कारणों से अथवा जाने अनजाने, किसान ने प्रकृति और आध्यात्मिकता से जैसे जैसे दूरी बनाई, वैसे वैसे वह अनेक आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं के जाल में फंसता हुआ, निरन्तर कमजोर होता चला गया। आज हमारे देश का किसान, पर्याप्त रूप से सरकारी सहायता के बावजूद भी सशक्त और आत्मनिर्भर नहीं हो पा रहा है। आज ग्रामीण युवा पीढ़ी कृषि कार्य से विमुख होती जा रही है। ऐसी स्थिति में आज उसे पुनः अपनी उसी प्राचीन संस्कृति आध्यात्मिकता तथा सदियों पुरानी विरासत से जोड़ने की आवश्यकता है, क्योंकि आध्यात्मिकता गाँव को "रामराज्य" जैसा बनाती है—जहाँ हर व्यक्ति आत्म-सशक्त और दूसरों के प्रति करुणामय होता है। यदि अपनी प्राचीन संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत को पुनः अपनाएँ, तो गांव सुखी, स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बन सकते हैं तथा देश फिर से "विश्व गुरु" बन सकता है। इसी उद्देश्य से अरावली की सुरम्य घाटियों में स्थित ज्ञान सरोवर:- अकादमी फॉर ए बेटर वर्ल्ड में "आध्यात्मिकता द्वारा सशक्त किसान और समृद्ध गाँव" विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतिभागी

इस कार्यक्रम में राज्य एवं केन्द्र सरकार के कृषि, ग्राम विकास, पंचायती राज, पशुपालन, वन, भूमि सुधार, सिंचाई, आदिवासी एवं उद्यान विभाग से सम्बन्धित सभी अधिकारी, कृषि तथा ग्रामीण विकास में संलग्न जन-प्रतिनिधि, कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, वैज्ञानिक, प्रोफेसर, ग्रामीण बैंकों के प्रबन्धक एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रमुख, कॉर्पोरेट संस्थाओं के प्रमुख आदि ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय से पूर्व अनुमति प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीकरण कराने के उपरान्त सम्मिलित हो सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अपने नज़दीकी ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र से सम्पर्क करें।

आयोजक संस्था

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू पर्वत, राजस्थान, भारत में स्थित है। इसकी सहयोगी संस्था राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन के 20 प्रभाग है, जिसमें कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग, सम्पूर्ण ग्राम विकास के लिये सतत प्रयत्नशील है। यह संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ के आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC), यूनिसेफ (UNICEF) में सलाहकार सदस्य है तथा यूनेप (UNEP) में ऑब्जर्वर मेम्बर है एवं यूएनसीसीडी (UNCCD) में ऑब्जर्वर संस्था है। समाज के सभी स्तरों पर सकारात्मक बदलाव लाने के कार्य में इसकी विशेष भूमिका है। इस विश्व विख्यात गौरवशाली संस्था को संयुक्त राष्ट्र ने 7 शांतिदूत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया है। खाद्य एवं कृषि संस्थान (FAO) द्वारा ग्रामीणों के लिए चलाई गयी एज्युकेशन फॉर रूरल पीपुल योजना (ERP) का सदस्य भी रही है। राजयोग के माध्यम से मानवता के लिए उत्कृष्ट योगदान हेतु इसे अनेक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वर्ष 1937 में स्थापित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान विश्वभर के 140 देशों में स्थित अपनी हजारों शाखाओं के माध्यम से मानव कल्याण का कार्य कर रहा है।

मई 2025 में ज्ञान सरोवर में 'सनातन कृषि संस्कृति द्वारा ग्राम स्वराज' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन

कार्यक्रम

गुरुवार, 14 मई, 2026

प्रातः 11:00 से सायं 05:00 : पंजीकरण

सायं 05:00 से 08:00 : उद्घाटन सत्र -
आध्यात्मिकता द्वारा सशक्त किसान और समृद्ध गांव

शुक्रवार, 15 मई, 2026

प्रातः 06:30 से 08:00 : राजयोग शिविर - आत्मा की दिव्यता और ऊर्जा
10:00 से 12:00 : खुला सत्र - आध्यात्मिक चेतना से कृषि में परिवर्तन

दोपहर 12:00 से 01:00 : प्रवचन - सकारात्मक परिवर्तन से आनंदमय जीवन

सायं 04:00 से 05:30 : वर्कशॉप 1 - जलवायु परिवर्तन के दौर में
किसानों के बढ़ते कदम
: वर्कशॉप 2 - यौगिक कृषि में वैज्ञानिक एवं
अधिकारियों का योगदान
06:00 से 07:30 : प्रकृति की गोद में परमशांति की अनुभूति

रात्रि 08:30 से 09:30 : सांस्कृतिक कार्यक्रम

शनिवार, 16 मई, 2026

प्रातः 06:30 से 08:00 : राजयोग शिविर - परम चेतना की अनुभूति
10:00 से 12:00 : खुला सत्र - राजऋषि गांव की अवधारणा
12:00 से 01:00 : संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा का जीवन परिचय

सायं 04:30 से 06:00 : पैनल डिस्कशन - ग्राम स्वराज में राजऋषि
ग्राम प्रकल्प की भूमिका
06:30 से 08:00 : समापन सत्र - ग्राम स्वराज से स्वर्णिम भारत का
पुनः निर्माण

रविवार, 17 मई, 2026

प्रातः 06:30 से 08:00 : राजयोग शिविर - परमशक्ति के स्रोत से सम्बन्ध
10:0 से 12:00 : प्रवचन - कालचक्र

दोपहर 01:00 से आबू दर्शन

सोमवार, 18 मई, 2026

प्रातः 06:30 से 08:00 : राजयोग शिविर - आन्तरिक दिव्य शक्तियों की पहचान
09:00 आबूरोड स्थित तपोवन आदर्श वाटिका का अवलोकन प्रस्थान

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र से संपर्क करे

Online Registration: accomabu.bkapp.org / accomabu.bkivv.app
(Only through Brahma Kumaris Centres)

99244 12706, 7597 546 732
bkjignesh7@gmail.com
ruralwing@bkivv.org
www.bkruralwing.org